स्वच्छता कार्य योजना

1. भूमिका

भारत सरकार ने 2 अक्तूबर, 2014 को स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की, जिसका लक्ष्य 2 अक्तूबर, 2019 तक देश को स्वच्छ बनाना है। वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए 11.50 लाख रुपए के बजट से डीएसआईआर की स्वच्छता कार्य योजना तैयार की गई। डीएसआईआर–स्वच्छता कार्य योजना को पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय द्वारा सृजित स्वच्छता समर्पित पोर्टल (www-swachhtaactionplan-com) पर अद्यतित किया जा रहा है।

डीएसआईआर ने अपनी स्वच्छता कार्य योजना के अंतर्गत, अधिकारियों और कार्मिकों की सक्रिय भागीदारी के साथ कार्यालय परिसर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया:

1. 'स्वच्छ भारत' अभियान पर माननीय प्रधान मंत्री के आह्वान तथा पेय जल और स्वच्छता मंत्रालय के दिशा–निर्देशों के अनुसरण में 1–15 मई, 2019 के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सभी कार्मिकों द्वारा 'स्वच्छता शपथ' लेकर किया गया और इस अभियान में, न केवल कार्यालय में, बल्कि अपने परिवार के सदस्यों, आस–पास और अपने सामाजिक दायरे में भी जागरूकता का प्रसार करने पर जोर दिया गया। भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार निम्नलिखित गतिविधियां शुरू की गईं:

   क. डीएसआईआर के सभी अधिकारियों ने श्रमदान किया और अनावयश्क फाइलों और रिकार्डों की छंटनी, कार्यस्थल और कार्यालय परिसर की सफाई करने के लिए एक गहन स्वच्छता कार्य किया गया।

   ख. डीएसआईआर के अधिकारियों द्वारा तैयार किए गए पोस्टर और स्लोगन तथा स्वच्छता के बैनर कार्यालय परिसर में लगाए गए।

   ग. डीएसआईआर कार्यस्थल की वैक्यूम क्लीनिंग की गई और पुराने/अनुपयोगी साज–समान का निपटान किया गया।

   घ. 'हारनेससिंग न्यू सोरसेस ऑफ कंस्ट्रक्सन सैंड थ्रु सीडीई ग्रीन टेक्नोलोजी फॉर एनवारमेंट प्रोटेक्सन' पर डीएसआईआर प्रौद्योगिकी भवन, दिल्ली में 15 मई, 2019 को व्याख्यान सत्र आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य डीएसआईआर के अधिकारियों और कर्मचारियों को नई प्रौद्योगिकी तथा हरित पर्यावरण के लिए इसके कार्यान्वयन के प्रति अद्यतन करना था।

विशेषज्ञ द्वारा व्याख्यान

2. डीएसआईआर में 11 सितंबर से 2 अक्तूबर, 2019 तक 'स्वच्छता ही सेवा' मनाया गया जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक को चरणबद्ध तरीके से त्यागने और प्लास्टिक कचरे के टिकाऊ विकल्प और उचित निस्तारण को बढ़ावा देने के प्रति जागरूकता पैदा करने पर ध्यान दिया गया। स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के हिस्से के रूप में, डीएसआईआर ने 'रिसाइकलिंग एंड फेजिंग

आउट ऑफ सिंगल यूज प्लास्टिक्स बाय प्रमोटिंग सस्टनेबल अलटेरनेटिव्स' पर 30 सितंबर, 2019 को डीएसआईआर, टेक्नोलोजी भवन में विषय विशेषज्ञ द्वारा व्याख्यान दिया गया।

विशेषज्ञ द्वारा व्याख्यान

3. डीएसआईआर स्वच्छता गतिविधियों के हिस्से के रूप में, कार्यालय कक्षों के पुराने कारपेट हटाकर, साफ–सफाई और देखने में अच्छी लगने वाली विनयल फ्लूरिंग की गई।